16-05-2020

मदद से राशन किट को वितरित कराया जा रहा है। उन्होंने ... शुक्ला, अरविंद पाल
कहा कि दक्षिण व नगर में किसी को कहीं पर भी खाद्यान्न ... चंद्रपाल, रामखिल
की जरूरत होगी तो उसतक ... पहुंचाया जायेगा। ... महेश पाल

आज

ऑनलाइन पढ़ाई जारी, जून-जुलाई में परीक्षाएं

प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 30 जून तक

कानपुर, 16 मई। कोविंड-19 के प्रकोप के कारण राष्ट्रीय शर्करा संस्थान आगामी अकादमिक सत्र देर से शुरू होगा। जिसका निर्णय वीडियो कांफ्रेसिंग द्वारा हुई अकादमिक काउंसिल की बैठक में लिया गया। बैठक में इस कोविड-19 के कारण उत्पन्न परिस्थितियों पर गहन चर्चा की गई। सस्थान के शिक्षा प्रभारी अशोक गर्ग ने बताया कि संस्थान के शुगर टेक्नोलाजी, शुगर इंजीनियरिंग एवं अल्कोहल टेक्नोलाजी इत्यादि के प्रथम, द्वितीय वर्ष के छात्र-छात्राएं विभिन्न चीनी मिलों व डिस्टिलरीज में प्रैक्टिकल ट्रेनिंग हेतु भेजे गये थे। वह अप्रैल प्रथम सप्ताह मे वापस इंस्टीट्यूट लॉकडाउन के कारण नहीं लौट सके। अब उनकी वार्षिक परीक्षाएं जो अप्रैल-मई में होनी थी, नहीं हो पायी है। सस्थान के निदेशक प्रो. नरेंद्र मोहन ने बताया कि संस्थान के कोर्स आवासीय है, छात्रों के हॉस्टल में रहने एवं क्लासेस को चालू कराने में कोविंड-19 के क्रम में जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार प्रबंध भी करने होंगे। इसे देखते हुए अकादमिक काउंसिल ने यह निर्णय लिया कि संस्थान के वर्तमान कोर्स मे पढ़ रहे छात्रों की लंबित परीक्षाएं जून-जुलाई में सम्पूर्ण कराकर द्वितीय व तृतीय वर्ष की क्लासेस अगस्त 2020 से चालू की जाये। सोशल डिस्टेसिंग एवं अन्य आवश्यकताओं को देखते हुए इन कोर्सेज की परीक्षाएं एकसाथ न कराकर अलग-अलग समय पर हो। आनलाइन क्लासेस को 15 जून तक जारी रखा जायेगा। निदेशक ने बताया कि आगामी सत्र हेतु प्रवेश परीक्षाएं संशोधित कार्यक्रम के अनुसार 2 अगस्त को होगी। प्रथम वर्ष के छात्रों हेतु अकादमिक सत्र 2020-21, सितम्बर के प्रथम सप्ताह में चालू होगा। प्रवेश के लिए आनलाइन एप्लीकेशन 30 जून तक जमा कर सकते है। बैठक में एचबीटीयू के डा. ब्रजेश सिंह, सीएसए के डा मुनीश गंगवार, डा. वर्षा गुप्ता आदि शामिल हुई।

प्रो.नरेन्द्र मोहन

एनएसआई में प्रवेश परीक्षा दो अगस्त को

कानपुर। कोरोना के चलते नेशनल शुगर इंस्टीट्यूट (एनएसआई) का आगामी शैक्षिक सत्र देर से शुरू होगा। इस संबंध में शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से हुई अकादमिक काउंसिल की बैठक में निर्णय लिया गया।

आवेदन 30 जून तक कर सकते

संस्थान के शिक्षा प्रभारी अशोक गर्ग ने बताया कि आगामी सत्र के लिए प्रवेश परीक्षा दो अगस्त को होगी। प्रथम वर्ष के छात्रों का अकादमिक सत्र सितंबर के प्रथम सप्ताह से चालू होगा। छात्र प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 30 जून तक कर सकते हैं। बताया कि पहले और दूसरे वर्ष के कई छात्र विभिन्न चीनी मिलों में प्रैक्टिकल ट्रेनिंग को भेजे गए थे, वे लॉकडाउन के चलते अभी वापस नहीं आ पाए हैं। इस कारण अप्रैल, मई में होने वाली वार्षिक परीक्षा टाली गई है। निदेशक प्रोफेसर नरेंद्र मोहन ने बताया कि परीक्षाएं जून-जुलाई में पूरी कराकर कक्षाएं अगस्त में शुरू कराई जाएंगी। बैठक में एचबीटीयू के डॉ. ब्रजेश सिंह, सीएसए के डॉ. मुनीश गंगवार, सीएसजेएमयू की डॉ. वर्षा गुप्ता रहीं।